No. of Printed Pages/Questions: 11/ 16

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2022 – 2023)**

**Class: VII** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख'। खंड 'क' में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड 'ख' में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खंड 'ख' में कुल 6 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(6) सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

**खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)**

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**
**1X5=5**

विद्यार्थी जीवन ही वह समय है, जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है, जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णत: विकसित वृक्ष की डालियों या शाखाओं को मोड़ पाना संभव नहीं या लगभग कठिन होता है। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वे टूट तो सकती हैं, पर मुड़ नहीं सकतीं। छात्रावास्था उस श्वेत चादर की तरह होती है, जिसमें जैसा प्रभाव डालना हो, डाला जा सकता है। सफ़ेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया, सो चढ़ गया, फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से ही विद्यार्थी जीवन के महत्त्व को स्वीकार गया है। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती हैं। इसलिए प्राचीन समय में बालक को घर से दूर गुरूकुल में रहकर

कठोर अनुशासन का पालन करना होता था। विद्यार्थी जीवन में ही व्यक्ति का चरित्र निर्मित होता है। अच्छे चरित्र के निर्माण से उसमें सद्‌गुणों; जैसे- दया, आदर, सदाचार आदि का विकास होता है।

(क) **विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व है, कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**

1. अच्छे चरित्र निर्माण व सद्‌गुणों का विकास करना
2. सुसंस्कार व सद्‌वृत्तियों का पोषण करना
3. दया, आदर, सदाचार आदि का पोषण करना
4. अनुशासन का पालन करना।

**कूट/विकल्प**

(i) केवल 1 सही है — (ii) 1 और 2 सही हैं

(iii) 2 और 3 सही हैं — (iv) 3 और 4 सही हैं

(ख) **विद्यार्थी जीवन को किसके समान बताया गया है?**

(i) पूर्वावस्था के समान — (ii) बाल्यावस्था के समान

(iii) श्वेत चादर के समान — (iv) वृक्ष की शाखाओं के समान

(ग) **कथन (A) अच्छे चरित्र निर्माण से बालकों में सद्‌गुणों का विकास होता है।**

**कारण (R) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन आवश्यक है।**

**कूट/विकल्प**

(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(घ) **बालकों में चरित्र व आचरण के विकास का सही समय है**

(i) शैशवावस्था में — (ii) प्रौढ़ावस्था में

(iii) विद्यार्थी जीवन में — (iv) गुरूकुल के कठोर अनुशासन में

(ङ) **छात्रों को गुरूकुल क्यों भेजा जाता था?**

(i) सुसंस्कार और सद्‌वृत्तियाँ पोषित करने के लिए

(ii) विद्यार्थियों पर प्रभाव डालने के लिए

(iii) जीवन को नई दिशा में मोड़ने के लिए

(iv) इनमें से कोई नहीं

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

दो में से क्या तुम्हें चाहिए, कलम या कि तलवार?
मन में ऊँचे भाव कि तन में शक्ति अजेय अपार!
कलम देश की बड़ी शक्ति है, भाव जगाने वाली,
दिल ही नहीं, दिमागों में भी आग लगाने वाली।
पैदा करती कलम विचारों के जलते अँगारे,
और प्रज्जवलित-प्राण देश क्या कभी मारेगा मारे?
लहू गरम रखने को रखो मन में ज्वलित विचार,
हिंसक जीवों से बचने को चाहिए किंतु तलवार!
एक भेद है और जहाँ निर्भय होते नर-नारी,
कलम उगलती आग, जहाँ अक्षर बनते चिंगारी।-**रामधारी सिंह 'दिनकर'**

**(क) कलम को देश की बड़ी शक्ति कहने का कारण है**

1. इससे हम विचारों का आंदोलन छेड़ सकते हैं।
2. लोगों में जागरूकता ला सकते हैं
3. दया व प्रेम के भाव जगा सकते हैं
4. शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन कर सकते हैं

**कूट/विकल्प**

(i) 1 सही है (ii) 1 और 2 सही हैं
(iii) 1,2 और 3 सही हैं (iv) 3 और 4 सही हैं

**(ख) प्रस्तुत काव्यांश किस विषय से संबंधित है?**

(i) कलम और तलवार दोनों की उपयोगिता से
(ii) शारीरिक बल की उपयोगिता से
(iii) तार्किक विचारों की शक्ति से
(iv) केवल तलवार की उपयोगिता से

**(ग) काव्यांश के आधार पर बताइए कि मन में जलते विचार क्यों रखने चाहिए?**

(i) अपनी शक्ति का अहसास कराने के लिए
(ii) क्रांति की मशाल जलाने के लिए
(iii) कलम को चलाने के लिए
(iv) इनमें से कोई नहीं

**(घ) काव्यांश के आधार पर बताइए कि समाज में बड़ी-बड़ी क्रांति का सूत्रपात कैसे हुआ है?**

(i) तलवार के बल पर (ii) विचारों के बल पर
(iii) कलम के बल पर (iv) सत्य और अहिंसा के बल पर

**(ङ) कथन (A) कलम एवं तलवार दोनों क्रांति का माध्यम हैं**

**कारण (R) इससे लोगों में जागरूकता फैलती है।**

**कूट/विकल्प**

(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**अथवा**

चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ।
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि ! डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली, देना उस पथ पर तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ पर जावें वीर अनेक।-**माखनलाल चतुर्वेदी**

**(क) पुष्प किसके आभूषणों में सजना नहीं चाहता?**

(i) सुरबाला (ii) प्रेमीबाला

(iii) प्यारी (iv) सम्राटों

**(ख) पुष्प किसे ललचाना नहीं चाहता?**

(i) सम्राटों को (ii) सुरबाला को

(iii) प्रेमी की प्रेमिका को (iv) इनमें से कोई नहीं

**(ग) पुष्प अपने भाग्य पर किस कार्य से गर्वित नहीं होना चाहता?**

(i) माला में बिंधकर (ii) गजरे में लगकर

(iii) मंदिर में बिंधकर (iv) देवी-देवताओं की मूर्ति पर चढ़कर

**(घ) कथन (A) पुष्प की चाह है कि उसे देशभक्त वीरों के पथ पर फेंका जाए**

**कारण (R) कवि माखन लाल चतुर्वेदी पुष्प के माध्यम से देशभक्ति के लिए प्रेरित करना चाहते थे।**

**कूट/विकल्प**

(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ङ) 'वनमाली' शब्द में समास है-**

(i) द्वंद्व (ii) अव्ययीभाव

(iii) तत्पुरूष (iv) कर्मधारय

**3.निर्देशानुसार 'विशेषण' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X4=4**

**(क) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A.ईमानदार व्यक्ति | 1.निश्चित परिमाणवाचक विशेषण |
| B.सातवीं कक्षा | 2.सार्वनामिक विशेषण |
| C.एक कप कॉफी | 3.गुणवाचक विशेषण |
| D.कोई किताब | 4.निश्चित संख्यावाचक विशेषण |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D. | | A | B | C | D. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 3 | 2 | 1 | 4 | (ii) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (iii) | 3 | 1 | 2 | 4 | (iv) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**(ख) नीचे दिए गए शब्दों में विशेषण होगा-**

(i) भारत (ii) पाकिस्तान

(iii) नेपाल (iv) नेपाली

**(ग) विशेषण की उत्तमावस्था है-**

(i) अधिक (ii) अधिकतर

(iii) अधिकतम (iv) अधिकता

**(घ) इनमें प्रविशेषण की अवस्था है-**

(i) अच्छा लड़का (ii) भला लड़का

(iii) अच्छा भला लड़का (iv) ईमानदार लड़का

**(ङ) 'दरवाज़े पर कोई आदमी खड़ा है, इस वाक्य में कोई है-**

(i) गुणवाचक विशेषण (ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(iii) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (iv) सार्वनामिक विशेषण

**4.निर्देशानुसार 'क्रिया' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(क) नामधातु कहते हैं-**

(i) जिन क्रियाओं को कर्म की अपेक्षा रहती है

(ii) विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्दों को

(iii) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि शब्दों से बनने वाली क्रिया को

(iv) दो क्रिया से मिलकर बनने वाली क्रिया को

**(ख) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. बकरी मिमिया रही थी | 1. एककर्मक क्रिया |
| B. वह गृहकार्य करके सो गया | 2. पूर्वकालिक क्रिया |
| C. मंदिर में लोग आते जा रहे थे | 3. नामधातु क्रिया |
| D. मूर्तिकार मूर्तियाँ बना रहा था | 4.संयुक्त क्रिया |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D. | | A | B | C | D. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 2 | 3 | 1 | 4 | (ii) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | 4 | (iv) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**(ग) प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण है-**

(i) अध्यापक ने छात्रों को पढ़ाया।

(ii) माँ ने बच्चों को मिठाई दी।

(iii) शिक्षक बच्चों से निबंध लिखवाते हैं।

(iv) बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

**(घ) द्विकर्मक क्रिया का उदाहरण है-**

(i) बच्चे क्रिकेट खेलते हैं

(ii) बच्चे खेलते हैं

(iii) मेरे दोस्त ने अपने भाई को क्रिकेट खेलना सीखाया

(iv) बच्चे ने क्रिकेट खेलना सीखा

**(ङ) रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद होते हैं-**

(i) दो

(ii) तीन

(iii) चार

(iv) पाँच

**5.निर्देशानुसार 'काल' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1X4=4**

**(क) भूतकाल का भेद नहीं है-**

(i) सामान्य भूतकाल

(ii) पूर्ण भूतकाल

(iii) संदिग्ध वर्तमानकाल

(iv) आसन्न भूतकाल

**(ख) 'परीक्षा समाप्त हो चुकी होगी' उदाहरण है-**

(i) संदिग्ध भूतकाल

(ii) संदिग्ध वर्तमानकाल

(iii) संभाव्य भविष्यतकाल

(iv) हेतुहेतुमद् भूतकाल

**(ग) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. मैडम बच्चों को डाँस सीखा रही थी । | 1. संदिग्ध वर्तमानकाल |
| B. यदि तुम मेहनत करोगे तो परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करोगे । | 2.सामान्य भविष्यतकाल |
| C. मनु पढ़ रही होगी । | 3. अपूर्ण भूतकाल |
| D. मई के महीने में गर्मी की छुट्टी होगी । | 4. हेतुहेतुमद् भविष्यत् काल |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 4 | 3 | 1 | 2 | (ii) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | 4 | (iv) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**(घ) 'शायद भारत यह मैच जीत जाए' उदाहरण है-**

(i) संदिग्ध वर्तमानकाल (ii) संदिग्ध भूतकाल

(iii) संभाव्य भविष्यत् काल (iv) आसन्न भूतकाल

**(ङ) दिए गए उदाहरण में अपूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है-**

(i) इस समय बाज़ार बंद होगा (ii) वह अभी सोकर उठी है

(iii) घंटी बजने से पहले हम स्कूल पहुँच चुके थे (iv) हॉल में कवि-सम्मेलन चल रहा है

**6.निर्देशानुसार 'वाक्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1X4=4**

**(क) 'हमारी अध्यापिका हमें हिंदी पढ़ाती है।' वाक्य में उद्देश्य है-**

(i) हमारी अध्यापिका (ii) हमारी

(iii) अध्यापिका (iv) हिंदी

**(ख)'उसने पढ़ाई पूरी की और सोने चला गया', रचना के आधार पर है-**

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्रित वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य

**(ग) वाह! क्या बात है । - उदाहरण है-**

(i) विधानवाचक वाक्य (ii) निषेधवाचक वाक्य

(iii) संदेहवाचक वाक्य (iv) विस्मयवाचक वाक्य

**(घ) जिन वाक्यों से आज्ञा, अनुरोध, अनुमति या प्रार्थना के भाव प्रकट हों, उन्हें कहते हैं-**

(i) विधानवाचक वाक्य (ii) प्रश्नवाचक वाक्य

(iii) आज्ञावाचक वाक्य (iv) इच्छावाचक वाक्य

**(ङ) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. ब्रह्मांड में 10 हज़ार करोड़ आकाशगंगाएँ हैं | 1. निषेधवाचक वाक्य |
| B. ब्लैक होल क्या है? | 2. संदेहवाचक वाक्य |
| C.पृथ्वी से बाहर जीवन का पता अबतक नहीं लगा है। | 3. विधानवाचक वाक्य |
| D. शायद मंगल पर जीवन मिल जाए। | 4. प्रश्नवाचक वाक्य |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 4 | 3 | 1 | 2 | (ii) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | 4 | (iv) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

जब मेरे कमरे का कायाकल्प चिड़ियाखाने के रूप में होने लगा, तब मैंने बड़ी कठिनाई से दोनों चिड़ियों को पकड़कर जाली के बड़े घर में पहुँचाया जो मेरे जीव-जंतुओं का सामान्य निवास है। दोनों नवागंतुकों ने पहले से रहनेवालों में वैसा ही कुतूहल जगाया जैसा नववधू के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है। लक्का कबूतर नाचना छोड़कर दौड़ पड़े और उनके चारों ओर घूम-घूमकर गुटरगूँ-गुटरगूँ की रागिनी अलापने लगे। बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे। ऊन की गेंद जैसे छोटे खरगोश उनके चारों ओर उछलकूद मचाने लगे। तोते मानो भलीभाँति देखने के लिए एक आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे। उस दिन मेरे चिड़ियाघर में मानो भूचाल आ गया।

**(क) किनके कमरे का कायाकल्प चिड़ियाखाने के रूप में होने लगा था?**

(i) बड़े मियाँ जी के कमरे का
(ii) महादेवी वर्मा जी के कमरे का
(ii) प्रयाग शुक्ल जी के कमरे का
(iv) विनीता पाण्डेय जी के कमरे का

**(ख) गुटरगूँ-गुटरगूँ की रागिनी कौन अलापने लगे?**

(i) कबूतर
(ii) खरगोश
(iii) तोते
(iv) चित्रा बिल्ली

**(ग) कुतूहल का अर्थ है-**

(i) आश्चर्य
(ii) हैरानी
(iii) जिज्ञासा(जानने की इच्छा)
(iv) परेशानी

**(घ) मोर के बच्चों को चिड़ियाघर में लाने के बाद बड़े खरगोश क्या करने लगे ?**

(i) चारों ओर घूम-घूमकर गुटरगूँ-गुटरगूँ की रागिनी अलापने लगे।

(ii) सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे

(iii) चारों ओर उछलकूद मचाने लगे।

(iv) एक आँख बंद करके परीक्षण करने लगे।

**(ङ) नवागंतुकों के चिड़ियाघर में आने के बाद वहाँ रहने वाले प्राणियों में जो कुतूहल जगाया वह था-**

(i) नववधू के आगमन पर परिवार में होने वाला कुतूहल

(ii) दूल्हे के आगमन पर होने वाली प्रतिक्रिया

(iii) बच्चे के जन्म पर होने वाली खुशी

(iv) इनमें से कोई नहीं

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(क) मार्च 1857 में बैरकपुर में अंग्रेज़ों के विरूद्ध बगावत करने पर फाँसी दी गई थी-**

(i) बहादुर शाह ज़फ़र को (ii) मंगल पांडे को

(iii) वीर कुँवर सिंह को (iv) तात्या टोपे को

**(ख) धनराज के जीवन की प्रेरणास्रोत कौन थे?**

(i) उनके गुरू (ii) उनकी माँ

(iii) उनकी पत्नी (iv) उनके बड़े भाई

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

जागो बंसीवारे ललना!
जागो मोरे प्यारे!
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे॥
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै॥
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै॥

**(क) कविता का प्रथम पद किससे संबंध है?**

(i) रात (ii) सुबह

(iii) दोपहर (iv) शाम

**(ख) कृष्ण के दर्शन के लिए उनके द्वार पर कौन खड़े थे?**

(i) देवता (ii) दानव

(iii) मानव (iv) देवता और मानव दोनों

**(ग) कृष्ण अपने हाथों में क्या लेकर गायों को चराने जाते थे?**

(i) डंडा (ii) माखन-रोटी

(iii) कम्बल (iv) मुरली

**(घ) भोर के समय में गोपियाँ क्या कर रही थीं?**

(i) दूध उबाल रही थीं (ii) दही मथ रही थीं

(iii) रोटी बना रही थीं (iv) पंजीरी बना रही थीं

**(ङ) 'रजनी' का अर्थ है-**

(i) सुबह (ii) रात

(iii)शाम (iv) दोपहर

**10.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(क) 'रहीम के दोहे' पाठ में साँचा मीत किसे कहा गया है?**

(i) सच बोलनेवाला

(ii) संपति हड़पने वाला

(iii) संपति संजोने वाला

(iv) विपत्ति की कसौटी पर खरा उतरने वाला

**(ख) कवि की आँखों से जब तिनका निकल गया तो उनपर व्यंग्य किसने किया?**

(i) अक्ल ने (ii) सहपाठियों ने

(iii) पड़ोसियों ने (iv) घमंड

## 'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)

## पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छः प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) वीर कुँवर सिंह को बचपन में किन बातों में मज़ा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?

(ख)आमतौर पर मेले मनोरंजन, खरीद फ़रोख्त एवं मेलजोल के लिए होते हैं। वीर कुँवर सिंह ने मेले का उपयोग किस रूप में किया?

(ग) 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से संभालने की सीख दी है।'- धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?

(घ) धनराज के स्वभाव में तुनुकमिज़ाजी आने का क्या कारण था?

(ङ) विदेशी मेहमानों ने नीलकंठ को क्या उपाधि दी और क्यों?

(च) 'यह कोई ज़रूरी नहीं कि शोहरत पैसा भी साथ लेकर आए'-क्या आप धनराज पिल्लै की इस बात से सहमत हैं?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **2X4=8**

(क) रहीम के दोहे पाठ के आधार पर बताइए कि वृक्ष, सरोवर और सज्जन दूसरों के लिए क्या करते हैं?

(ख) आँख में तिनका पड़ने पर घमंडी की क्या दशा हुई?

(ग) आश्विन के बादल की तुलना किससे की गई है और क्यों?

(घ) एक तिनका पाठ के आधार पर बताइए कि छत पर खड़े कवि के साथ क्या घटना घटित हुई?

(ङ) 'एक तिनका' कविता से हमें क्या संदेश मिलता है?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **3X2=6**

(क) पांडवों को चक्रव्यूह में प्रवेश करने से किसने और कैसे रोका?

(ख) शर-शय्या पर पड़े भीष्म ने कर्ण से क्या कहा?

(ग) पांडव सेना के सात नायक कौन थे? उनमें से सेनापति कौन बना?

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-** **6X1=6**

**(क) गुरू शिष्य संबंध** **संकेत बिंदु-** *जीवन में गुरू का महत्व, *गुरू-शिष्य संबंध, *गुरू का प्रभाव *गुरू का सम्मान

**(ख) सच्चा मित्र** **संकेत बिंदु-** *जीवन में मित्र का महत्त्व, *मित्र के गुण, *मित्र की पहचान *मित्र ही सच्चा मार्गदर्शक

**(ग) मेरा प्रिय खेल** **संकेत बिंदु-** *विभिन्न प्रकार के खेल, *खेल मनोरंजन का साधन, *अपनी दिनचर्या में खेल के लिए समय, *खेल से होने वाले लाभ

**15.** आपके विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं,ओलम्पियाड और अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए कोचिंग संस्थान की व्यवस्था नहीं हैं और आप शहर से बहुत दूर रहते हैं। अत: नए सत्र में प्राचार्य से आप कोचिंग की माँग करते हुए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

आप राहुल हैं। आप अपने दोस्त अमित को पत्र लिखकर मोबाइल और ऑनलाइन गेम को छोड़कर ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने की आदत विकसित करने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

**16.** विद्यालय की ओर से परीक्षा के बाद बच्चों के लिए भ्रमण की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस संबंध में दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में माँ से होने वाले संवाद लिखिए।